St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Answer Worksheet –7)** **Date: 03.08.2020**
Topic: अपठित गदयांश **Class -3**

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दो :-

एक बार एक साधू बगीचे में विश्राम कर रहे थे | वहां आम के पेड़ लगे थे | वहीं कुछ बच्चे भी खेल रहे थे | इतने में किसी बात को लेकर बच्चे एक - दूसरे से झगड़ा करने लगे | उनके बीच तू -तू , मै-मै काफी बढ़ गई ,जिसे देखकर साधू बहुत दुखी हुए | उन्होंने प्यार से बच्चो को अपने पास बुलाया और उन्हें समझाते हुए बोले - ' बच्चो , देखो आपस में झगड़ा मत करो | प्यार से एक साथ खेलो | विनम्रता का गुण सबको अपनी ओर आकर्षित करता है , इसलिए हमें भी यह गुण अपना कर सबके साथ मिल -जुलकर रहना चाहिए |

1 साधू कहाँ विश्राम कर रहे थे ? वहां किसके पेड़ लगे थे ?

उ-साधू एक बगीचे में विश्राम कर रहे थे | वहाँ आम के पेड़ थे |

2 वहाँ बच्चो के साथ क्या हुआ ?

उ- वहाँ बच्चो में एक - दूसरे से झगड़ा होने लगा | उनके बीच झगड़ा बहुत अधिक बढ़ गया |

3 साधू ने बच्चो को क्या समझाया ?

उ- साधू ने बच्चो को समझाया कि वे प्यार से रहें | विनम्रता के साथ मिल - जुलकर रहें |

4 इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है ?

उ- इस कहानी से यह शिक्षा मिलती है कि हमें विनम्रता का गुण अपनाना चाहिए और मिल - जुलकर प्यार से रहना चाहिए |

शब्द - अर्थ

5 विश्राम - **आराम**

6 बगीचा - **उपवन**

खाली जगह भरो :-

7 वहाँ **आम** के पेड़ लगे थे |

8 **प्यार** से एक साथ खेलो |

किसने , किससे कहा ?

9 देखो , आपस में झगड़ा मत करो ' |

साधू ने बच्चो से कहा |

दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो :-

10 **साधू**

11 **आम**

पर्यायवाची शब्द लिखो :-

12 पेड़ = **वृक्ष , तरु**

विलोम शब्द

13 दुखी - **सुखी**

14 गुण - **दोष**

वाक्य बनाओ :-

15 आकर्षित - **मीठी बोली सबको आकर्षित करती है |**

Poonam Mehra